## संपादकीय

# नरमी नदारद

बतौर गृहमंत्री अमित शाह सबसे पहले जिस राज्य के दौरे पर गए वह जम्मू-कश्मीर है। लोकसभा में जो पहला बिल उन्होंने पेश किया वह भी जम्मू-कश्मीर से संबंधित रहा। इससे यह जरूर साफ होता है कि गृह मंत्रालय की प्राथमिकता सूची में जम्मू-कश्मीर सबसे ऊपर है। लेकिन इस आधार पर यह मान लेना सही नहीं होगा कि उनकी अगुआई में सरकार की जम्मू-कश्मीर नीति में कोई बड़ा बदलाव होने वाला है। शाह की यात्रा से पहले हुर्रियत का बयान आया था कि वह सरकार से बातचीत के लिए तैयार है। इसके बाद संभावना जताई जाने लगी थी कि गृहमंत्री इस संबंध में आगे कोई घोषणा कर सकते हैं। लेकिन अमित शाह ने न तो अपने कश्मीर दौरे में ऐसा कोई ऐलान किया, न ही लोकसभा के अपने भाषण में ऐसा कुछ कहा जिससे हुर्रियत को उसके हाल पर छोड़ देने के सरकारी रवैये में किसी बदलाव का संकेत मिलता हो। असल में, कश्मीर पर मोदी सरकार का नजरिया पिछली तमाम सरकारों से कुछ मामलों में बुनियादी तौर पर अलग है। वाजपेयी सरकार समेत अब तक की तमाम सरकारें कश्मीर पर कभी गरम तो कभी नरम रुख अपनाती रही हैं, लेकिन उनका जोर उग्र और हिंसक धाराओं को आम लोगों से अलग-थलग करने पर ही रहता आया है। नतीजा यह कि हिज्बुल मुजाहिदीन से लेकर लश्करे तैयबा तक विभिन्न संगठन अपनी हिंसक रणनीति की अलग-अलग व्याख्याओं के साथ वहां अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखते थे। ऐसे तमाम शेड्स हुर्रियत की अलगाववादी लाइन में भी नजर आते थे। दिल्ली के राजनीतिक हलकों में आम राय यह थी कि ये अलग-अलग शेड्स एक-दूसरे के प्रभाव को काटने का काम करते हैं। लेकिन मोदी सरकार आने के बाद दिल्ली ने यह पूरी तरह साफ कर दिया कि कश्मीर को देश से अलग करने की कोई भी बात नहीं सुनी जाएगी, चाहे वह हथियारबंद तरीके से कही जाए या शांतिपूर्ण नुस्खों के जरिये। यह भी कि हिंसा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, फिर उसका राजनीतिक उद्देश्य कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने का हो, या उसे एक स्वतंत्र देश बनाने का, या फिर पूरी दुनिया में इस्लाम का झंडा लहराने का। यानी अलगाववादी और हिंसक तत्वों से केंद्र सरकार का संवाद संभव नहीं है। सरकार की इस सख्त नीति का सटीक संदेश जम्मू-कश्मीर के आम लोगों तक सही ढंग से पहुंचा हो या नहीं, पर घाटी से बाहर देशवासियों के बड़े हिस्से ने इसे न केवल समझा है बल्कि पसंद भी किया है। यही वजह है कि कश्मीर में शांति स्थापित होने का कोई दावा न कर पाने के बावजूद सरकार पर नीतिगत पुनर्विचार का कोई दबाव नहीं है। यह बात और है कि दूरगामी रूप से इस नीति को नापने की कसौटी भी यही होगी कि कश्मीर में शांति कायम हो, सुरक्षाकर्मियों की शहादत का सिलसिला खत्म हो और आम कश्मीरी चैन की जिंदगी जिए। उम्मीद करें कि सरकार कश्मीर में इस कसौटी को ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ रही होगी।

## जेट एयरवेज के बाद अब एयर इंडिया पर मंडरा रहा बंद होने का खतरा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जेट एयरवेज के बंद होने के बाद अब सरकारी एयरलाइंस एयर इंडिया के भी बुरे दिन शुरु होते दिखाई दे रहे है। कंपनी का वित्तीय संकट लगातार गहराता दिख रहा है। एयर इंडिया के दो बड़े सरकारी अधिकारियों ने बताया कि कंपनी के पास कर्मचारियों को अक्टूबर के बाद सैलरी देने के पैसे नहीं है। एयर इंडिया के पास अभी 2,500 करोड़ रुपये हैं, जो वेंडरों के भुगतान और कुछ महीनों की सैलरी देने में खत्म हो जाएगा। अगर कंपनी की हालत में सुधार नहीं होता है तो एयर इंडिया के पास अक्टूबर के बाद कर्मचारियों को सैलरी तक देने के पैसे नहीं होंगे।

जानकारी के मुताबिक तेल कंपनियों, एयरपोर्ट ऑपरेटरों और अन्य वेंडर्स का बकाया चुकाने और कुछ महीनों की सैलरी देने में ये पैसे खर्च हो जाएंगे। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने मई की सैलरी भी 10 दिन की देरी से दी थी। बता दें कि एयर इंडिया अकेली सरकारी कंपनी नहीं है, जिसे एंप्लॉयीज को सैलरी देने में परेशानी हो रही है। बीएसएनएल लिमिटेड भी सैलरी देने की स्थिति में नहीं है।

एक बड़े अधिकारी ने कहा कि हमने अंतरिम बजट में जो मांग रखी थी, वही इस बार भी रखी गई हैं। हम एयर इंडिया के अलग से कुछ नहीं मांग रहे हैं। गौर हो कि लोकसभा चुनाव से पहले आए अंतरिम बजट में एयर इंडिया ऐसेट होल्डिंग्स लिमिटेड को पिछले वित्त वर्ष में 3,900 करोड़ रुपये दिए गए थे और इस वित्त वर्ष में उसे 29,000 करोड़ दिए जाएंगे। इस कंपनी को एयर इंडिया का 58,000 करोड़ का कर्ज ट्रांसफर किया गया है।

## 888 रुपये में करें हवाई सफर



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लो कॉस्ट एयरलाइन स्पाइसजेट ने डोमेस्टिक और इंटरनेशनल उड़ानों के लिए मानसून सेल की घोषणा की है. स्पाइसजेट मानसून सेल के तहत घरेलू टिकट की शुरुआत महज 888 रुपये जबकि इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए 3,499 रुपये से टिकट की शुरुआत हो रही है. सेल 2 जुलाई यानी आज से शुरू हो गई है और 6 जुलाई तक चलेगी.

स्पाइसजेट मानसून सेल के तहत 25 सितंबर 2019 तक की यात्रा अवधि पर ये किफायती किराया लागू है. इस सेल की घोषणा ऐसे समय में की जा रही है जब विमान ईंधन एटीएफ के दामों में 5.8 फीसदी की बड़ी कटौती की गई है. इसके अलावा स्पाइसजेट मेगा मानसून सेल के तहत सीट, मील, स्पाइसमैक्स और अन्य चीजों पर 50 फीसदी डिस्काउंट भी ऑफर कर रही है. इसका लाभ लेने के लिए यात्रियों को एएमईएक्स50 प्रोमो कोड यूज करना होगा. स्पाइसमैक्स सीट के लिए अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड से पेमेंट पर 500 रुपये तक डिस्काउंट मिलेगा.

## पेट्रोल, डीजल के भाव लगातार छठे दिन बढ़े





**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिला मंगलवार को लगातार छठे दिन जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के दाम में दिल्ली में सात पैसे, कोलकाता में आठ पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में चार पैसे प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है, जबकि डीजल के भाव दिल्ली में छह पैसे, कोलकाता में सात पैसे और मुंबई में चार पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं। हालांकि चेन्नई में डीजल की कीमत स्थिर रही। देश की राजधानी दिल्ली में छह दिनों में पेट्रोल 46 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है और डीजल का दाम भी 43 पैसे प्रति लीटर बढ़ गया है।

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में मंगलवार को पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 70.51 रुपये, 72.75 रुपये, 76.15 रुपये और 73.19 रुपये प्रति लीटर हो गए। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी बढ़कर क्रमशः 64.33 रुपये, 66.23 रुपये और 67.40 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं जबकि चेन्नई में डीजल का भाव यथावत 67.96 रुपये प्रति लीटर है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव मे फिर तेजी देखी जा रही है और ब्रेंट क्रूड का भाव 65 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना हुआ है।

## नीरव मोदी को सिंगापुर हाईकोर्ट का बड़ा झटका

### » 44 करोड़ की संपत्ति जब्त करने का आदेश



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पीएनबी घोटले के मुख्य आरोपी व भगोड़ा कारोबारी नीरव मोदी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। सिंगापुर हाईकोर्ट ने नीरव मोदी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 44 करोड़ की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के नीरव मोदी के 44 करोड़ रुपये की कीमत के चार बैंक खातों को जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार यह कंपनी ब्रिटिश वर्जन आइसलैंड के नाम से रजिस्टर है, जिसमें पूर्वी मोदी और मयंक मेहता का नाम शामिल है।इससे पहले जांच एजेंसियों ने नीरव मोदी और उनकी बहन पूर्वी मोदी से जुड़े चार बैंक खातों को स्विट्ज़रलैंड में सीज़ किया था। नीरव और पूर्वी के इन खातों में करीब 283.16 करोड़ रुपये जमा थे।

स्विट्जरलैंड ने यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अपील पर की थी। ईडी ने कहा था कि इन खातों में जमा रकम भारतीय बैंकों से अवैध तरीके से ट्रांसफर कराया गया है। आपको बता दें कि नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक को करीब 13 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने का आरोप है।

## रेलयात्री को ई टिकटिंग के लिए आईआरसीटीसी का लाइसेंस मिला




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रेलयात्री को भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम( आईआरसीटीसी ) का अधिकृत ई टिकटिंग का लाइसेंस मिला है और वह अब इस काम के लिए अधिकृत साझीदार बन गया है।

रेलयात्री की तरफ से इसकी जानकारी दी गई है । इस लाइसेंस के तहत रेलयात्री को आईआरसीटीसी ने इसकी ट्रेन टिकट बुकिंग सेवाओं के लिए अधिकृत किया है । रेलयात्री एक मल्टी माडल इंटरसिटी ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क और ट्रैवेल एप्प है जिसकी देश में व्यापक पहुंच है। आईआरसीटीसी से लाइसेंस मिलने पर रेलयात्री के सह संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष राठी ने कहा ट्रेन में विलंब प्रबंधन के लिए लाइव ट्रेन स्टेटस जैसे डिजिटल टूल्स के अलावा डेटा संचालित जानकारी के जरिए ट्रेन टिकट बुकिंग आसान बनाकर इस कारोबार में कंपनी को अग्रणी स्थिति हासिल करने में मदद मिली है ।

कंपनी अनूठे क्यान आधारित सेवा के माध्यम से ग्राहकों को सेवायें प्रदान करने के लिए तत्पर है जिसका उद्देश्य सुचारु यात्रा प्रदान करना है। रेलयात्री ट्रेन से जुड़ी पीएनआर स्टेटस, ट्रेन के बारे में जानकारी , दो स्टेशनों के बीच चलने वाली ट्रेन, सीट की उपलब्धता और सीट कंफर्म होने जैसी संभावना से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराता है। इसके अलावा आनलाइन बस टिकट, ट्रेन में भोजन जैसी सुविधा भी प्रदान करता हैं । रेलयात्री ने हाल ही में उत्तर और दक्षिण के 12 शहरों में इंटरसिटी स्मार्ट बस के अपने बेड़े का विस्तार किया है।

## औद्योगिक उत्पादन में 5.1 प्रतिशत वृद्धि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़े के अनुसार, आठ प्रमुख उद्योगों का सूचकांक अप्रैल 2019 की बनिस्बत नीचे था। अप्रैल में इसकी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही थी। जबकि वर्ष दर वर्ष आधार पर मई 2018 में इसकी वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत थी। कोर सेक्टर सूचकांक में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का भार 40.27 प्रतिशत होता है। पिछले महीने की बनिस्बत वृद्धि दर में गिरावट रिफानरी उत्पादों और उर्वरक खंड में क्रमशः नकारात्मक 1.5 प्रतिशत और नकारात्मक एक प्रतिशत वृद्ध के कारण हुई है। इस्पात और बिजली में क्रमशः 19.9 प्रतिशत और 7.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर दर्ज की गई है।

## आज का राशिफल

मेषः- आज तृतीय पराक्रम भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सायं 5 बजे तक कोई खास डील निश्चित हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

वृषभः- आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः- आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और कलात्मक काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा।

कर्कः- आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंहः- आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

कन्याः- आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरु हो सकता है।

वृश्चिकः- माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः प्रय शील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

धनुः- आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

मकरः- आज का दिन सामान्य है। भागीदारी-साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः- आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही न बरतें।

मीनः- आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

## डिजिटल ट्रांज़ेक्शन के लिए नहीं देना होगा कोई अतिरिक्त शुल्क

### » पेटीएम ने किया अफवाहों का खंडन




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** डिजिटल वैलेट पेटीएम ने सोमवार को उन खबरों का खंडन कर दिया, जिनके अनुसार वह अपने प्लेटफॉर्म्स पर डिजिटल ट्रांजेक्शंस के लिए यूजर्स पर चार्ज लगाने वाली है। नोएडा स्थित कंपनी ने एक बयान में कहा, हम यह स्पष्ट करना चाहेंगे कि वन97 कंम्यूनिकेशंस लिमिटेड के अधिग्रहण वाला पेटीएम एप/पेमेंट गेटवे अपने उपभोक्ताओं से कार्डस, यूपीआई, नेट बेंकिंग और बैलेट जैसे किसी भुगतान के लिए किसी सुविधा या भुगतान शुल्क के तौर पर रुपये नहीं लेता है।

कंपनी ने कहा, पेटीएम उपभोक्ता इस प्लेटफॉर्म पर सभी सुविधाओं को बिना किसी शुल्क के उपयोग करते रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम कथित तौर पर क्रेडिट कार्ड्स के माध्यम से भुगतान करने पर एक प्रतिशत, डेबिट कार्ड्स के माध्यम से भुगतान करने पर 0.9 प्रतिशत और नेटबैंकिंग तथा यूपीआई आधारित माध्यमों से भुगतान करने पर 12-15 रुपये तक वसूल करेगा।

डिजिटल पेमेंट कंपनी के अनुसार, शैक्षणिक सेवा या लाभ सेवा प्रदाता जैसे कुछ व्यापारिक संस्थान हैं जो क्रेडिट कार्ड का शुल्क नहीं काट सकते हैं और ग्राहकों से इसी माध्यम से भुगतान की अपेक्षा करते हैं।कंपनी ने कहा, ऐसे मामलों में हमने यूजर्स को इन शुल्कों से बचने के लिए डेबिट कार्ड्स और यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है। हम इस पर जोर देना चाहेंगे कि पेटीएम ये शुल्क किसी भी परिस्थिति में नहीं लेती। कंपनी ने कहा कि उसका भविष्य में भी ऐसा कोई शुल्क वसूलने की योजना नहीं है।

## एनएस विश्वनाथन दोबारा बने आरबीआई के डिप्टी गर्वनर




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** एनएस विश्वनाथन को दोबारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का डिप्टी गर्वनर नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल एक साल का होगा। एक आधिकारिक आदेश में सोमवार को यह जानकारी दी गई है। इससे पहले विश्वनाथन को 4 जुलाई, 2016 को आरबीआई में तीन साल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था।

बता दें कि आरबीआई के डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने अपना कार्यकाल समाप्त होने के 6 महीने पहले इस्तीफा दे दिया था। आचार्य ने आरबीआई को पत्र लिखकर सूचित किया था कि निजी कारणों से 23 जुलाई, 2019 के बाद वह डिप्टी गवर्नर के अपने कार्यकाल को जारी रखने में असमर्थ हैं। विरल आचार्य 23 जनवरी 2017 को डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त हुए थे। विरल आचार्य ने 15 पॉलिसी में से सिर्फ 2 बार ब्याज दरें घटाने की वकालत की थी।

अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल करने वाले विश्वनाथन साल 2014 में रिजर्व बैंक के ईडी बनाये गए थे। इसके अलावा विश्वनाथन ने सालों तक अलग-अलग बैंकों के निदेशक के पद पर काम किया है। साथ ही वह आईएफसीआई लिमिटेड के सतर्कता विभाग में चीफ जनरल मैनेजर भी रह चुके हैं। एच आर खान की जगह नाथन को इस पद पर नियुक्ति की गई है।

## भरवां टमाटर बनाने की विधि...



**सामग्री :**

उबले आलू- 2, मध्यम आकार के टमाटर- 8 से 10, पनीर- 100 ग्राम, काजू बारीक कटे हुए- आधी मुट्ठी, किसमिस- आधी मुट्ठी, हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 1, लाल मिर्च- चुटकीभर, हरा धनिया- बारीक कटा, गरम मसाला- चुटकीभर, जीरा- 1/2 चम्मच, तेल- 2 चम्मच, नमक स्वादानुसार

**विधि :**

टमाटर को धोने के बाद उसके ऊपरी हिस्से को गोल आकार में काटकर अंदर का गूदा निकाल लें। टमाटर की कटे हुए हिस्से को वापस ऊपर ही रख देंगे।

उबले आलूओं को छीलकर उन्हें मैश कर लेंगे। अब इसमें पनीर, नमक, लाल मिर्च, गरम मसाला, हरा धनिया, काजू, किसमिस मिक्स कर लेंगे।

कढ़ाई में तेल डालेंगे। गर्म होने पर उसमें जीरा डालें। अब हरी मिर्च, अदरक, टमाटर का गूदा डाल देंगे। जब ग्रेवी गाढ़ी हो जाए तब उसमें आलू और पनीर का मिक्सचर मिला दें फिर उसे थोड़ा भून लेंगे।

अब कटे हुए टमाटर में ये मिक्सचर भरेंगे और टमाटरों को ऊपरी हिस्से की कटी हुई कैप से बन्द कर देंगे।

अब बारी है इन्हें पकाने की। कढ़ाई में तेल डालकर टमाटर रखेंगे। उसके ऊपर नमक, थोड़ा सा तेल डालकर इसे प्लेट से ढककर धीमी आंच पर पकाएं। तैयार है आपके गर्म-गर्म भरवां टमाटर।

## शब्द सामर्थ्य- 13

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शकर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 12 का हल**



## सू-दोकू- 13

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |